मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 199 ■ रविवार, 27 अक्टूबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**शिवसेना उबाठा की दूसरी लिस्ट में 15 नाम**

# व्यापारी भरत दुसेजा का हत्यारा गिरफ्तार







- हिललाईन पुलिस को मिली सफलता
- दुपहिया वाहन पर भरत को अस्पताल ले गए
- फरार हो रहा था आरोपी
- 15 दिन पूर्व हुआ विवाद

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में हुई व्यापारी की निर्मम हत्या के आरोपी को हिललाइन पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया है. कैंप 5 के कैलाश कॉलोनी में दत्त मंदिर के सामने गुरुवार रात 10.30 बजे चप्पल व्यापारी भरत दुसेजा नाम की धारदार चाकू से वार कर हत्या कर दी गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद हिललाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप के मार्गदर्शन में पुलिस ने तेजी से जांच का चक्र घुमाया और आरोपी गौरव उदनशिवेन को गिरफ्तार कर लिया. 15 दिन पहले मृतक दुसेजा और आरोपी गौरव उदानशिवेन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. पुलिस जांच में प्रारंभिक जानकारी सामने आई है कि इसी गुस्से को दिल में रखकर गौरव ने धारदार कैंची से भरत दुसेजा की हत्या कर दी. उल्हासनगर कैंप 5 के इंदिरानगर इलाके में रहने वाले आरोपी गौरव उदनाशिवेन के परिवार से जब पुलिस को जानकारी मिली कि उसने दो महीने पहले ही शादी की थी और अपनी पत्नी के साथ रह रहा था. हत्या के बाद जब गौरव अपनी पत्नी के साथ भागने की तैयारी कर रहा था, तब पुलिस ने उल्हासनगर, अंबरनाथ, विठ्ठलवाड़ी, कल्याण रेलवे स्टेशन के इलाकों में तलाशी ली और उसे गिरफ्तार कर लिया। इस बीच, हत्या के सही कारण का पता लगाने के लिए हिललाइन पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है।

# आयलानी-कालानी को मिली उम्मीदवारी









## कुमार आयलानी होंगे भाजपा प्रत्याशी

## ओमी कालानी तुतारी के उम्मीदवार घोषित



## भारत राजवानी (गंगोत्री) होंगे अपक्ष उम्मीदवार

- सोमवार-मंगलवार होगा शक्ति प्रदर्शन के दिन
- दीवाली के बाद फूटेंगे प्रचार के पटाखे

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा 141 क्षेत्र में पिछले कई दिनों से चल रहा सस्पेंस अब खत्म हो गया है। महायुति व महाविकास आघाड़ी ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। शनिवार शाम करीब 4 बजे राकांपा शरद पवार गुट के जिलाध्यक्ष जयंत पाटील ने उल्हासनगर से ओमी पप्पू कालानी के नाम की घोषणा कर दी और वहीं भाजपा प्रत्याशी की प्रलंबित सूची में मौजूदा विधायक कुमार आयलानी के नाम का ऐलान भी कर दिया गया है। वहीं महायुति में शामिल राकांपा अजित पवार गुट के जिलाध्यक्ष भारत राजवानी (गंगोत्री) टिकट न मिलने के कारण अब अपक्ष चुनाव लड़ेंगे। बहुजन विकास आघाड़ी ने संजय गुप्ता के नाम की घोषणा पहले ही कर दी थी। अब प्रमुख लड़ाई इन चारों के बीच ही होगी। ऐसा समझा जा सकता है। वहीं मंगलवार 29 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है ऐसे में सोमवार 28 अक्टूबर और मंगलवार 29 अक्टूबर को उम्मीदवार अपना शक्ति प्रदर्शन कर उम्मीदवारी दर्ज कराएंगे। ज्ञात हो कि 15 अक्टूबर को चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही यह सस्पेंस चल रहा था कि उल्हासनगर विधानसभा चुनाव 2024 में कौन-कौन से उम्मीदवार मैदान में होंगे। ऐसे में आज दोनों प्रमुख उम्मीदवारों की घोषणा के बाद यह सस्पेंस पूरी तरह खत्म हो गया है। अब शहर का आगामी विधायक चुनने का समय अब आ गया है। बुधवार 20 नवंबर 2024 को चुनाव होंगे और 23 नवंबर को मतगणना होगी। उम्मीदवारी मिलने के बाद अब उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए के लिए अब केवल 2 ही दिन बचे हुए हैं ऐसे में सभी इच्छुक उम्मीदवार सोमवार और मंगलवार को ही नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। राजनीतिक पक्ष के बड़े नेता पूरे ताम-जाम के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

शक्ति प्रदर्शन करने वाले नेताओं में कालानी, आयलानी व राजवानी का समावेश बताया गया है। भरत गंगोत्री ने अपने एक बयान में कहा है कि शहर की खस्ता हालत के जिम्मेदार आयलानी व कालानी से जनता अब त्रस्त हो चुकी है ऐसे में शहर को परिवर्तन का मौका मिला है।

# उल्हासनगर मनपा का हरित दिवाली मनाने का संकल्प

- प्रदूषण से मुक्ति के लिए पटाखा विक्रेताओं को महत्वपूर्ण निर्देश जारी






**उल्हासनगर.** पर्यावरण विभाग ने प्रदूषण के खतरे को कम करने और सुरक्षित दिवाली मनाने के लिए शहर में पटाखों का उपयोग करने वाले सभी पटाखा विक्रेताओं और नागरिकों को एक बहुत ही महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने इस संबंध में एक सार्वजनिक अपील जारी की है।

भारत सर कार की अधिसूचना के मुताबिक, 125 डेसीबल से अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले पटाखों का निर्माण, बिक्री और उपयोग बंद करने का निर्देश दिया गया है। इससे ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगेगा तथा शहर में शांति एवं नागरिकों का स्वास्थ्य भी बना रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार बेरियम नमक, लिथियम, आर्सेनिक, सीसा, पारा जैसे जहरीले तत्वों वाले पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। ये तत्व वायुमंडल में हानिकारक गैसें पैदा करते हैं। जो जानवरों, पौधों और मनुष्यों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, सभी पटाखा विक्रेताओं को विस्फोटक अधिनियम, 1884 और विस्फोटक नियम, 2008 के तहत आवश्यक सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करना चाहिए। प्रशासन ने शहर में विक्रेताओं को सूचित किया है कि पटाखों की बिक्री नगर निगम द्वारा अनुमति लेकर निर्धारित स्थानों पर ही की जाए। महाराष्ट्र सरकार ने 'माझी वसुंधरा अभियान 5.0' और 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025' के तहत सभी त्योहारों को पटाखा-मुक्त, प्लास्टिक-मुक्त, कचरा-मुक्त और पर्यावरण-अनुकूल (हरित त्योहार) तरीके से मनाने की अपील की है।

उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने अपील की है कि उल्हासनगर के लोगों को पटाखे फोड़ने के बजाय पर्यावरण-अनुकूल दिवाली मनानी चाहिए। शहर को ध्वनि, वायु प्रदूषण और शहर के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक विषाक्त तत्वों से बचाना हमारा कर्तव्य है।

शहर के नागरिकों की सुरक्षा के लिए उल्हासनगर नगर निगम के नेतृत्व में पटाखों के अवैध स्टॉक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अनाधिकृत पटाखा गोदामों पर छापेमारी की जायेगी और सभी पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस की जांच की जायेगी. शहरवासी प्रदूषण विभाग की अपील का पालन करें और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें. जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने विचार व्यक्त किया है कि इस दिवाली उल्हासनगर के नागरिकों को एक साथ आकर हरित और सुरक्षित दिवाली मनाकर एक आदर्श बनाना चाहिए.

# अंबरनाथ विधानसभा से दो प्रत्याशियों ने दाखिल किया अपना नामांकन

- किणीकर और वानखेडे सोमवार को दाखिल करेंगे नामांकन
- पुलिस सतर्क

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा से शुक्रवार तक दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है. अब तक कुल 39 लोगों ने 72 नामांकन फार्म खरीदे हैं. दो उम्मीदवारों ने तीन नामांकन दाखिल किए हैं. उनके नाम हैं रोहिदास हिरालाल कुंजे और देवीदास निकम. ऐकी जानकारी हमें तहसील कार्यालय से मिली है. ज्यादातर उम्मीदवार अपना नामांकन सोमवार को दाखिल करने वाले हैं. 29 अक्टूबर मंगलवार तक नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है. शनिवार और रविवार को छुट्टी होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं किया जा सका है. इसलिए सोमवार और मंगलवार को तहसील कार्यालय में नामांकन दाखिल करने के लिए ज्यादा रश हो जाएगा. इसलिए तहसील कार्यालय में पुख्ता बंदोबस्त का इंतजाम किया गया है. सोमवार को शिवसेना शिंदे गट के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर भी नामांकन दाखिल करेंगे, ऐसी जानकारी हमें मिली है कि शिवसेना (उबाठा) उम्मीदवार राजेश वानखेडे भी अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं. दोनों ही जोरदार शक्ति प्रदर्शन करेंगे. ढोल ताशे एवं हजारों कार्यकर्ताओं का जमावड़ा सोमवार को तहसील कार्यालय में देखने को मिलेगा. कोई अनुचित घटना ना हो जाए इसके लिए पुलिस भी सतर्क हो गई है.

# RPI के लिए सीटें नहीं छोड़ी तो हम अलग सोचेंगे -सुरेश बारशिंगे

## उल्हासनगर में आरपीआई की नई कार्यकारिणी गठित



**उल्हासनगर.** लोकसभा चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया महागठबंधन का घटक दल है, लेकिन विधानसभा चुनाव में आरपीआई को एक भी सीट नहीं दी गई, लेकिन अगर योजना के मुताबिक सीटें नहीं छोड़ी गईं तो हम महागठबंधन छोड़ कर अलग ढंग से विचार करेंगे. ऐसी चेतावनी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपब्लिकन पार्टी के केंद्रीय सचिव सुरेश बारशिंगे ने दी. उल्हासनगर में भगवान भालेराव को पार्टी से बर्खास्त किए जाने के बाद उल्हासनगर में आरपीआई की नई कार्यकारिणी गठित की गई है. केंद्रीय सचिव सुरेश बारसिंगे के नेतृत्व में 33 लोगों की इस कार्यकारिणी की घोषणा की गई है.

बारसिंघे ने आगे कहा कि महागठबंधन ने रिपब्लिकन पार्टी से वादा किया था कि विधानसभा चुनाव में कुछ महत्वपूर्ण सीटें आरपीआई के लिए छोड़ी जाएंगी, लेकिन चूंकि महागठबंधन ने अभी तक यह नहीं बताया है कि वह आरपीआई के लिए कितनी सीटें छोड़ेगा, इसलिए रिपब्लिकन में गुस्सा है। वादा पूरा नहीं किया गया, तो हम अलग तरह से सोचेंगे. ऐसी चेतावनी बारशिंगे ने दी है.

नई कार्यकारिणी में नानासाहेब बागुल को अध्यक्ष, महासचिव अरुण कांबले, शांताराम निकम को कार्याध्यक्ष नियुक्त किया गया है और कुल 33 सदस्यों की घोषणा की गई है। इस कार्यकारिणी में 11 उपाध्यक्ष, 1 कार्यालय सचिव, 1 आयोजक, 8 सचिव, 6 सदस्य, 2 सलाहकार और चार विभाग प्रमुख शामिल हैं।

# उल्हासनगर की सड़कों पर धूल का गुबार

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में सड़कों की मरम्मत न होने और खोदी गई सड़क के कारण शहर में धूल का साम्राज्य बन गया है। उल्हासनगर महानगर पालिका सड़क निर्माण और सड़क मरम्मत पर प्रति वर्ष 40 करोड़ से अधिक खर्च करती है। साथ ही शहर में 426 करोड़ की भूमिगत सीवरेज योजना, 123 करोड़ की जलापूर्ति योजना और 150 करोड़ की एमएमआरडीए की निधि से सात मुख्य सड़कों का काम चल रहा है. साथ ही बुनियादी सुविधाओं के लिए 48 और 29 करोड़ की धनराशि से विकास कार्य चल रहे हैं. सीवर पाइप बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं होने और सात प्रमुख सड़कों पर अधूरा काम होने के कारण सड़कें कीचड़मय हो गयी हैं. कुल मिलाकर महानगर पालिका के अनियोजित कार्य के कारण सड़कों का बुरा हाल है और धूल के कारण नागरिकों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है. महानगर पालिका ने शहर में धूल नियंत्रण के लिए पानी छिड़काव मशीनें खरीदीं। लेकिन उस मशीन को शहर में कभी चलते हुए नहीं देखे जाने पर नागरिकों ने अपना गुस्सा जाहिर किया है.



# अंबरनाथ से किणीकर अभी तक होल्ड पर

- क्या सोमवार को नाम की घोषणा होगी?
- पक्षांतर्गत अंदरूनी विरोध कायम

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा से शिवसेना शिंदे गट के उम्मीदवार के रूप में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर को अभी तक वेटिंग में रखा गया है. पक्षांतर्गत विरोध कायम है. अंबरनाथ के मतदाता एवं शिंदे कार्यकर्ता वेट एंड वाच की स्थिति में है. क्या किणीकर को उम्मीदवारी मिलेगी? ज्यादातर लोगों का कहना है कि उनके अलावा कोई उम्मीदवार हो नहीं सकता? लेकिन अब एक नया नाम उभरकर सामने आ रहा है. उल्हासनगर के अरुण आशान ने अब जोर मारा है कि उन्हें अंबरनाथ से टिकट दिया जाए. वह इसके लिए भरपूर प्रयास भी कर रहे हैं. दूसरी ओर लोगों ने देखा कि किणीकर और वालेकर के बीच आमना-सामना तो हो गया, हाथ मिले हैं लेकिन दिल मिलता नहीं दिखाई दे रहा है. सेना के दो नेताओं ने दोनों के बीच दोस्ती कराने का प्रयास भी किया है. वालेकर समर्थकों के सामने किणीकर ने दो बार क्षमा मांगते हुए कहा कि अगर उनके द्वारा जाने अनजाने में किसी का दिल दिखा है तो वह दिलगिरी व्यक्त करते हैं. और ये भी कहा है कि आज से हम मिलजुल कर पक्ष का कार्य करेंगे, लेकिन दोनों के बीच दूरियां मिटी नहीं हैं, ऐसा दिखाई दे रहा है.

वालेकर के एक समर्थक ने सोशल मीडिया पर एक पुराना वीडियो वायरल किया है, जिसमें अरविंद वालेकर एक कार्यक्रम में ये कहते दिखाई दे रहे हैं कि 'हमारे नाद में लगने का नहीं'. इससे पता चलता है कि दोनों का मनमुटाव खत्म होने के लिए दिल्ली दूर है. इसीलिए किणीकर अब तक होल्ड पर हैं. सोमवार तक उनके नाम की घोषणा होती है या नहीं उस पर सबकी नजर है. क्योंकि मंगलवार को नामांकन फार्म दाखिल करने की आखिरी तारीख है. डॉ. बालाजी किणीकर डेंजर जोन में दिखाई दे रहे हैं.

## रवि ज्वेलर्स पर 15 लाख धोखाधड़ी के आरोप

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी स्थित रवि ज्वेलर्स पर एक स्थानीय नागरिक ने 15 लाख की धोखाधड़ी के आरोप लगाते हुए आमरण उपोषण शुरू किया। पिंटू मिश्रा नामक व्यक्ति ने रवि ज्वेलर्स पर 15 लाख रूपये के गबन का आरोप लगाते हुए उसकी दुकान के सामने आमरण उपोषण शुरू किया।

# संदेहास्पद मामले में जब्ती करने के आदेश

**मुंबई.** चुनाव के मद्देनजर मुंबई शहर और उपनगरों में कानून व्यवस्था और वित्तीय मामलों से संबंधित सभी जांच और प्रवर्तन एजेंसियां अपनी जिम्मेदारी निभाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी भूषण गगरानी ने निर्देश दिए हैं कि पैसों के लेन-देन, मादक पदार्थों की तस्करी, हवाला आदि संदिग्ध मामलों में बिना किसी हिचकिचाहट के सीधी और तत्काल जब्ती की कार्रवाई की जाए। विधानसभा चुनाव को लेकर मुंबई मनपा मुख्यालय में संबंधित एजेंसियों की बैठक हुई. वह उस समय बात कर रहे थे. इस अवसर पर सभी तन्त्रों द्वारा चुनाव की योजना एवं चल रही कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

सभी एजेंसियों को संयुक्त टीम बनाकर मुंबई में 'चेक पोस्ट' पर नियुक्त करनी चाहिए. मुंबई की सीमाओं, समुद्र तटों, हवाई अड्डों और परिवहन के अन्य साधनों पर आवाजाही पर कड़ी नजर रखते हुए संदिग्ध मामलों में तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। गगरानी ने मीडिया से कहा, भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण को नियमित रूप से मुंबई पुलिस और आयकर विभाग को 'गैर-अनुसूचित उड़ानों' के बारे में जानकारी प्रदान करनी चाहिए और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) को एक अलग नियंत्रण कक्ष स्थापित करना चाहिए।

बैठक मनपा आयुक्त की अध्यक्षता में आयकर विभाग, राज्य उत्पाद शुल्क, उत्पाद शुल्क, राजस्व खुफिया, केंद्रीय और राज्य माल और सेवा कर, सीमा शुल्क, नारकोटिक्स नियंत्रण, वित्तीय खुफिया विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, तटरक्षक बल, रेलवे सुरक्षा के तहत आयोजित की गई थी। बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नागरिक उड्डयन सुरक्षा, परिवहन विभाग, आचार संहिता कक्ष, मुंबई पुलिस बल के कानून और व्यवस्था विभाग, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उपस्थित थे।

# कल्याण पूर्व व पश्चिम में ठाकरे गुट ने घोषित किए उम्मीदवार

- कल्याण पूर्व से धनंजय बोडारे, तो पश्चिम से सचिन बासरे को मिली उम्मीदवारी



**कल्याण.** काफी विचार-विमर्श के बाद पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कल्याण पूर्व और पश्चिम के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा की. उल्हासनगर के पूर्व नगरसेवक धनंजय बोडारे को कल्याण पूर्व से, जबकि पूर्व नगरसेवक सचिन बसरे को पश्चिम से घोषित किया गया है।

इन नामांकनों के चलते कल्याण पूर्व में महायुति की उम्मीदवार सुलभा गायकवाड़ का मुकाबला ठाकरे समूह के धनंजय बोडारे से होगा. 2019 के चुनाव में बोडारे ने बीजेपी उम्मीदवार गणपत गायकवाड़ के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ा था. इस बार उनकी लड़ाई गणपत गायकवाड़ की पत्नी सुलभा गायकवाड़ से होगी. शिंदे शिवसेना के एक प्रभावशाली समूह ने सुलभा गायकवाड़ के कल्याण पूर्व में काम नहीं करने का रुख अपनाया है। महेश गायकवाड़ ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया है, लेकिन उनके वरिष्ठ उन्हें शांत कर रहे हैं। सुलभा गायकवाड बीजेपी उम्मीदवार हैं. इसलिए, कल्याण पूर्व में महागठबंधन में शांति का माहौल है.

बोडारे का भाग्य शिंदे शिवसेना के असंतुष्ट समूह के रुख पर भी निर्भर करेगा, जो सुलभा गायकवाड़ की उम्मीदवारी से नाखुश है। कल्याण पूर्व के पूर्व महापौर रमेश जाधव, पूर्व नगरसेवक हर्षवर्धन पलांडे उम्मीदवारी के लिए जोर लगा रहे थे. जाधव के नाम के लिए जिला प्रमुख विजय साल्वी ने, जबकि बोडारे के लिए संपर्क प्रमुख गुरुनाथ खोत ने मातोश्री में प्रयास किए. कल्याण के एक नेता ने पार्टी प्रमुख के समक्ष यह रुख रखा कि कल्याण पूर्व में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। लेकिन बोडारे को टिकट मिल गया और इस लड़ाई में जाधव, पलांडे स्थानीय होने के बावजूद पिछड़ गए.

## कल्याण पश्चिम से बासरे को टिकट

कल्याण पश्चिम शिवसेना का गढ़ है. इस विधानसभा क्षेत्र में उद्धव बालासाहेब ठाकरे की पार्टी के पूर्व नगरसेवक सचिन बासरे को उम्मीदवार घोषित किया गया है। इस संसदीय क्षेत्र में सबसे पहले साईनाथ तरे का नाम लिया जाता था. पिछले दो-तीन सत्र से सचिन बासरे विधानसभा उम्मीदवारी के लिए प्रयासरत हैं। कार्यकर्ताओं के बीच यह चर्चा है कि आखिरकार पार्टी प्रमुख ने बासरे को मनोनीत कर उनके शैक्षणिक प्रदर्शन पर ध्यान दिया। कल्याण पश्चिम में अधिकांश शिवसेना प्रमुख शिवसैनिक पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के प्रति वफादार हैं। कल्याण पश्चिम से शिंदे शिव सेना के उम्मीदवार की घोषणा नहीं होने से कल्याण पश्चिम से नामांकन पाने वाले दावेदार विधायक विश्वनाथ भोईर, पूर्व नगरसेवक रवि पाटिल और पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र पवार के बीच बेचैनी है या फिर वे बगावत की तैयारी कर रहे हैं। चूंकि बीजेपी और शिवसेना के लिए हर उम्मीदवार अहम है, इसलिए दोनों पार्टियां बगावत की चुनौती स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं. इस विद्रोह से बचने के लिए, यह समझा जाता है कि उल्हासनगर से शिवसेना और कल्याण पश्चिम से भाजपा के उम्मीदवारों की अदला-बदली की चाल चल रही है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## 50 पैसे के लिए कोर्ट पहुंची ग्राहक

उपभोक्ताओं की जेब से खुदरा या खुले पैसे गायब हो रहे हैं। बाजार प्रतिदिन बड़ी सफाई से करोड़ों ग्राहकों का खुदरा खा जाता है। कोई दुकानदार बचे हुए एक रुपए लौटा दे, तो यह सुखद लगता है। मगर बहुत सारे दुकानदार ऐसा नहीं करते या इसके बदले में कोई गैरजरूरी चीज पकड़ा देते हैं। सवाल चंद सिक्के या एक-दो रुपए का नहीं है। देश में रोजाना करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है, मगर खरीदारी के बाद अक्सर खुदरा पैसे नहीं लौटाए जाते। कई बार तो ग्राहक खुद ही एक-दो रुपए छोड़ देता है। सवाल है कि क्या हमारी अर्थव्यवस्था में इन पैसों का कोई हिसाब है।

गौरतलब है कि चेन्नई के एक ग्राहक की ओर से डाकघर से सिर्फ पचास पैसे नहीं लौटाने की शिकायत जब उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के पास पहुंची तो सुनवाई के बाद भारतीय डाक विभाग को पंद्रह हजार रुपए मुआवजा देना पड़ा। दरअसल, एक डाकघर में पंजीकृत पत्र के लिए, तीस रुपए का भुगतान किया गया था, लेकिन रसीद में उनतीस रुपए पचास पैसे दर्शाए गए थे। कायदे से डाकघर को वे पचास पैसे लौटा देना चाहिए था, लेकिन तकनीकी कारणों से आनलाइन भुगतान लेने में दिक्कत आदि कारण बता कर ऐसा नहीं किया गया।

इस मामले को अपवाद माना जा सकता है, जिसमें एक जागरूक उपभोक्ता ने अपना हक हासिल किया। मगर यह छिपा नहीं है कि हर रोज इस तरह कितने ही लोगों को एक या दो रुपए यों ही छोड़ देने पड़ते हैं। कुछ वस्तुओं या सेवाओं की कीमत भी इस तरह रखी जाती है कि उसमें उपभोक्ता को अनचाहे एक रुपए छोड़ना पड़ता है या दुकानदार खुदरा पैसे नहीं होने का बहाना करके नहीं लौटाते। निश्चित रूप से इन पैसों का हिसाब न रखे जाने से राजस्व का भी नुकसान है। आनलाइन लेनदेन की सुविधा में इस समस्या के हल की एक उम्मीद बंधती है।

आज बड़ी संख्या में लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। मगर जो लोग फिलहाल डिजिटल भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, उनकी जेब से रोज कुछ पैसे अनचाहे ही चले जाते हैं। सरकार को इस मसले का कोई व्यावहारिक हल निकालने की जरूरत है, जिसमें नाहक ही लोगों की मेहनत के कुछ पैसों का कोई मोल नहीं रहता और देश की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान होता है।

# आबादी के असंतुलन से जूझता झारखंड

झारखंड विधानसभा चुनावों के कारण चर्चा में है, लेकिन यह आबादी के असंतुलन के लिए भी चर्चा का विषय बनना चाहिए। बिहार, झारखंड और ओडिशा 1912 तक बंगाल प्रांत में ही शामिल थे। पहले बंगाल से बिहार, फिर बिहार से ओडिशा अलग होकर प्रांत बना। चूंकि झारखंड में जनजाति की संख्या प्रभावी थी, अतः एक अलग प्रांत बनाने की मांग हो रही थी। इस मांग को लेकर लंबा आंदोलन चला और अंततः वर्ष 2000 में वाजपेयी सरकार ने झारखंड को एक अलग राज्य बनाकर वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया। झारखंड समृद्ध खनिज भंडार वाला एक राज्य है। खनिज उत्पादन के मामले में यह तीसरे स्थान पर है। जमशेदपुर, बोकारो और रांची देश में बड़े औद्योगिक केंद्र के रूप में जाने जाते हैं। स्वाभाविक है कि झारखंड जब बिहार से अलग हुआ तो लालू प्रसाद यादव इसके पक्ष में नहीं थे।


आदिवासी अस्मिता के नाम पर अस्तित्व में आए इस राज्य के समक्ष अब एक नए संकट ने दस्तक दी है और वह है बढ़ती घुसपैठ। यदि यह सिलसिला कायम रहा तो मूल निवासी आदिवासी समाज हाशिए पर जाता रहेगा। दिसंबर 2022 में रांची उच्च न्यायालय में दायर एक जनहित याचिका में कहा गया था कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए आ रहे हैं। वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने इसे नकार दिया, जबकि मनमोहन सरकार ने जुलाई, 2004 में संसद में स्वीकारा कि 31 दिसंबर 2001 तक देश में 1.20 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठिए आ गए हैं,



जिसमें से 50 लाख असम में हैं। सवाल यह है कि अगर 50 लाख असम में हैं तो फिर 70 लाख कहां थे? इस समय झारखंड में जो सरकार है, उसमें कांग्रेस भी शामिल है। अफसोस की बात है कि हेमंत सरकार ने घुसपैठ को न केवल नकारा, बल्कि न्यायालय में संताल परगना के उपायुक्तों को यह लिखकर दे दिया कि यहां घुसपैठिए नहीं हैं। संताल परगना में साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, देवघर, दुमका और जामताड़ा जैसे इलाके आते हैं।

आजादी के बाद 1951 से 2011 के बीच देश में मुस्लिम 4.31 प्रतिशत बढ़े, लेकिन संताल परगना में ये 13.29 प्रतिशत बढ़े, जो देश के किसी भी जिले से ज्यादा हैं। यहां हिंदू आबादी भी लगातार घटने पर है। झारखंड में 1961 की कुल जनसंख्या में हिंदू 79.59 प्रतिशत थे, जो 2011 में घटकर 67.83 प्रतिशत रह गए। यह इसलिए हुआ, क्योंकि जनजाति समाज जनगणना के समय हिंदुत्व को नकारने लगा। झारखंड में 1961 में जनजाति हिंदू आबादी 70.32 प्रतिशत थी, जो 2011 में घटकर 37.54 रह गई है। 2011 में देश में 'अन्य' की संख्या में 53.36 प्रतिशत केवल झारखंड से थे और उसमें भी 94.73 प्रतिशत जनजाति बंधु थे। बांग्लादेशी घुसपैठ के अलावा संताल परगना से जनजाति पलायन भी एक मुद्दा है। 1951 में संताल परगना में 44.66 प्रतिशत संख्या जनजातीय लोगों की थी, जो 2011 में घटकर 28.11 रह गई। यानी उनकी संख्या में 16.55 प्रतिशत की कमी आई। वोट बैंक के लालच में जनजाति पलायन को यह कहकर नकारा जा रहा है कि रोजगार के अभाव में जनजाति तबके पलायन कर रहे हैं।

सवाल उठता है कि वह कौन सी नौकरी है, जिसके लोभ में बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ करके तो आ रहे हैं, पर उस काम को जनजाति बंधु करना नहीं चाहते? चूंकि संताल परगना का मामला उच्च न्यायालय में आ गया तो उस पर चर्चा हो रही है, लेकिन झारखंड के तमाम जनजातीय इलाकों में यह समस्या बहुत आम हो गई है। पुराना रांची जिला जो अब रांची, खुटी, सिमडेगा, गुमला तथा लोहरदगा जिला हो गया है और सिंहभूम जो अब पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला-खरसावां जिला है, वहां से भी जनजाति पलायन हुआ है। 1961 से 2011 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर जनजाति/आदिवासी समाज 1.83 प्रतिशत बढ़ा, पर झारखंड में यह समाज 7.72 प्रतिशत घटा। संताल परगना में यह समाज 44.66 से घटकर 28.11, पुराने रांची जिले में 60.48 प्रतिशत से घटकर 51.07 प्रतिशत यानी 10.53 प्रतिशत घटा है। पुराने सिंहभूम में 47.30 से घटकर 41.96 प्रतिशत हो गया है। ध्यान रहे ये आंकड़े 2011 के हैं। इस रुझान से अनुमान लगाया जाए तो अब रांची जिले में जनजाति समाज बहुसंख्यक से सिकुड़कर अल्पसंख्यक हो गया होगा। मातृभाषा किसी समाज की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है।


आध्यात्मिक प्रेम कभी भी खत्म नहीं होता।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# मिल रहीं बम से उड़ाने की धमकियां

पिछले कुछ समय से जिस तरह विमानों को बम से उड़ाने की धमकी के मामले सामने आ रहे हैं, वह अब तक भले ही फर्जी साबित होते रहे हों, मगर अब उससे बहुस्तरीय समस्याएं पैदा होने की आशंका खड़ी हो गई है। हैरानी की बात यह है कि हाल के दिनों में बार-बार ऐसे मामले सामने आने और उससे हवाई सेवा पर असर पड़ने के बावजूद इन्हें रोकने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं दिख रही। हर नई धमकी के बाद हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच जाती है, सभी स्तरों पर जांच की जाती है, सावधानी बरती जाती है, ऐसा करने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बातें कही जाती हैं, मगर उन्हें रोकने में कोई खास कामयाबी नहीं मिल पाती।

गुरुवार को एक बार फिर सत्तर से ज्यादा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई और उसके बाद भारी तादाद में उड़ानों पर असर पड़ा। इसमें एअर इंडिया, इंडिगो, विस्तारा और अकासा के विमान शामिल हैं। कई विमानन कंपनियों ने यात्रियों को सुरक्षित उतार दिया। उसके बाद विमान की जांच और इस क्रम में उड़ान में देरी से लेकर यात्रियों को होने वाली अन्य परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

हालांकि यह स्वाभाविक है कि इस तरह की धमकियों के बार-बार गलत साबित होने के बावजूद अगली धमकी के बाद फिर से समूचे तंत्र को सक्रिय होना पड़ता है और उसमें किसी भी स्तर की लापरवाही नहीं बरती जा सकती। मगर यह समझना मुश्किल है कि फर्जी धमकी देने वाले पिछले कई दिन से ऐसा करने में कैसे कामयाब हो रहे हैं। अव्वल तो डिजिटल दुनिया के इस दौर में जब पुलिस महकमा या जांच इकाइयां पता लगाना




चाहें, तो किसी भी धमकी भेजने वाले के ई-मेल और उसके संचालन के बारे में सब कुछ पता लगाया जा सकता है।

### पुलिस कर रही है गिरफ्तारी

आज बहुत सारे आपराधिक मामलों में देखा जा सकता है कि आधुनिक तकनीकी और डिजिटल माध्यमों का सहारा लेकर जटिल से जटिल मामलों का पर्दाफाश किया जा रहा है और पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। मगर विमान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले पिछले कुछ समय से लगातार यात्रियों को डराने और विमानन कंपनियों को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाने की अपनी मंशा में कामयाब हो रहे हैं।

हालत यह है कि बीते कुछ दिनों के दौरान बार-बार धमकी से उपजी समस्या पर सरकार की ओर से प्रतिक्रिया यह आई कि इसके पीछे जो लोग हैं, उन्हें 'नो-फ्लाई सूची' में डाला जाएगा। सवाल है कि जिन धमकियों का इतना व्यापक असर होता है, उनके लिए क्या इतनी सजा काफी है?

यह छिपा नहीं है कि किसी विमान को बम से उड़ाने की फर्जी धमकी आती है, तो उसके बाद उड़ानों के बाधित होने से कितना बड़ा आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इस नुकसान का खमियाजा भी प्रकारांतर से आखिरकार यात्रियों को ही उठाना पड़ता है। इसके अलावा, विमान से सफर करने वाले यात्रियों के मानस पर इसका गहरा असर पड़ता है। भावी यात्रा को लेकर उनके भीतर डर बैठ जा सकता है और इस तरह जिन विमान सेवाओं को बेहद सुरक्षित माना जाता रहा है, उन्हें लेकर व्यापक पैमाने पर एक असुरक्षाबोध गहरा हो सकता है। सही है कि विमान में बम जैसी धमकी आमतौर पर फर्जी साबित हुई है, मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इस तरह की हरकतों के पीछे आतंकी साजिश भी हो सकती है। इसलिए इस मसले पर हर स्तर पर सावधानी बरतने और ऐसी धमकी भेजने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके ठोस संदेश देने की जरूरत है।

# आखिर क्या है ट्रेनों में लाल और नीले कोच का मतलब?

त्योहारों के सीजन में भारतीय रेलवे पर काफी प्रेशर पड़ने लगता है. लगभग हर वो शख्स जो काम या पढ़ाई की वजह से अपने परिवार से दूर है, वो वापस अपने घर जाने के लिए निकल जाता है. इसकी वजह से ट्रेनों में सीट वेटिंग में चली जाती है. हर साल फेस्टिवल सीजन में इंडियन रेलवे सबसे बिजी रुट्स में कई नई ट्रेनें चलाती है. इसके बाद भी ये प्रेशर कम नहीं होता.

हर साल लाखों-करोड़ों लोग ट्रेन से सफर करते हैं. इसके आबाद भी ऐसी कई बातें हैं, जिससे लोग अनजान है. जैसे कि भारत की ट्रेनों के बोगी के रंग का मतलब. जी हां, आपने देखा

**जरा हट के**

होगा कि कुछ ट्रेन नीले रंग की होती है जबकि कुछ लाल रंग की होती है. क्या आप जानते हैं कि इन रंगों का ट्रेन की भाषा में क्या मतलब होता है?

### क्या है दोनों का अंतर?

इंडियन रेलवे में ICF और LHB कोच होते हैं. नीले डिब्बे ICF होते हैं जबकि लाल LHB होते हैं. इनके बीच काफी बड़ा अंतर होता है. भारत में एक्सप्रेस ट्रेनों में आपको नीले रंग की बोगी नजर आएगी जबकि राजधानी और सुपरफास्ट प्रीमियम ट्रेन में



लाल कोच का इस्तेमाल होता है. लाल डिब्बे नीले के मुकाबले ज्यादा सेफ होते हैं. लाल डिब्बों को एंटीटेलीस्कोपिक डिजाइन से बनाया जाता है. ऐसे में ये आपस में टकराते नहीं हैं और आसानी से पटरी ने नहीं गिरते. इतना ही नहीं, टक्कर होने पर एक बोगी के ऊपर नहीं चढ़ जाते. ये कोच 200 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलने वाली ट्रेनों में लगाई जाती है.

वहीं बात अगर नीली कोच की करें, तो इसके निर्माण चेन्नई में किया जाता है. ये लोहे से बनाई जाती है. इसमें एयर ब्रेक का इस्तेमाल किया जाता है. इसके रखरखाव में ज्यादा खर्च है. इसमें बैठने की सीट कम होती है और दुर्घटना होने पर ये ज्यादा नुकसान करती है. इसकी लाइफ स्पैन पच्चीस साल होती है. इसके बाद इसे सेवा से हटा दिया जाता है जबकि लाल कोच का इस्तेमाल तीस साल तक किया जाता है.

# मूली के पत्तों की सब्जी




**मूली को अक्सर सलाद में खाया जाता है और इसके पत्तों को फेंक दिया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके पत्ते से आप जबरदस्त सब्जी बनाकर खा सकते हैं। यहां हम बता रहे हैं मूली के पत्तों से बनने वाली जबरदस्त सूखी सब्जी की रेसिपी, जिसे पराठे के साथ खाकर आपको मजा आ जाएगा। देखिए, जायकेदार रेसिपी-**

**सामग्री :**

- 2-3 फ्रेश मूली
- 1 टमाटर
- आधा छोटा चम्मच अजवायन
- एक साबुत मिर्ची
- 3 से 4 हरी मिर्ची
- 2 चम्मच सरसों का तेल
- आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- आधा छोटा चम्मच धनिया पाउडर
- आधा छोटा चम्मच हल्दी
- आधा छोटा चम्मच खटाई
- स्वादअनुसार नमक

**विधि :**

मूली के पत्तों की सब्जी बनाने के



लिए सबसे पहले मूली और उसके पत्तों को अच्छी तरह से धो लें। फिर मूली को छील कर उसे चार हिस्सों में काट लें। अब इनके छोटे-छोटे टुकड़े करें। वहीं पत्तों का भी एक बंच बना लें और फिर बारीक-बारीक काट लें। इसी के साथ टमाटर के भी छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। अब मूली और उसके पत्तों को कुकर में एक सीटी के साथ या फिर भगोने में कुछ देर के लिए उबाल लें। अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और फिर इसमें साबुत लाल मिर्च और अजवायन डालें। इसे डालने के 30 सेकेंड बाद इसमें टमाटर और नमक डालें। अब टमाटर को अच्छे से गलने दें। फिर इसमें सभी मसाले लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, हल्दी डालें और अच्छे से भून लें। फिर उबली मूली और पत्तों को छन्नी में निकाल लें। इसके बाद इसपर ठंडा पानी डालें और फिर इसे हाथों मदद से निचौड़ लें। जब सारा पानी निकल जाए तो इसे कढ़ाई में डाल दें। अब अच्छे से सेक लें। जब इसका पानी पूरी तरह से सूख जाए तब इसमें खटाई डालें और चलाएं। अच्छे से मिक्स करें और फिर पराठे के साथ सर्व करें।

# दिवाली पर घर की करनी है साफ-सफाई

- **इन टिप्स को करें फॉलो**
- **दीपावली पर नया लगेगा आशियाना**

दीपावली एक ऐसा त्योहार है, जिसमें हर कोई अपने घरों की साफ-सफाई कुछ दिनों पहले से ही करनी शुरू कर देता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, दिवाली के शुभ अवसर पर घर यदि साफ-सुथरा हो, तो मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और उस घर में वास करती हैं. दीपावली के तीन-चार दिन पहले घर को वाइट वॉश कराना, सफाई करना थका देने वाला हो सकता है. ऐसे में आप दशहरा के बाद से अपने घर की वाइट वॉश और सफाई में जुट जाएं. हम आपको बता रहे हैं दिवाली के लिए घर की साफ-सफाई के लिए कुछ टिप्स, इन्हें आप भी कर सकते हैं फॉलो.



### दिवाली पर घर की साफ-सफाई के टिप्स

1. सबसे पहले अपने घर में पड़ी बेकार चीजों को छांट लें. वैसी चीजें, जिनका कोई इस्तेमाल आप नहीं करते हैं, उन्हें घर में जमाकर के रखने का कोई मतलब नहीं. इससे घर भी भरा-भरा लगता है. टूटे क्रॉकरी, बर्तन, बेकार हो चुके जूते, चप्पल आदि को फेंक दें. पुराने कपड़े किसी जरूरतमंद को दें.

2. यदि आपके पास साफ-सफाई के लिए कई लोग और काफी समय है तो हर एक चीज को आप साफ कर सकते हैं. घर की चीजों को साफ करने के लिए आप कॉटन के कपड़े ही लें. साथ में बेकिंग पाउडर, आधा बाल्टी सर्फ वाला पानी, वाइट वेनेगर, ब्रश, स्पॉन्ज भी रखें, क्योंकि सफाई के दौरान इन चीजों की जरूरत पड़ती है.

3. मकड़ी के जालों को लंबे स्टिक वाली ब्रश से हटाएं. पंखे की सफाई करने के लिए आप डिटर्जेंट वाला पानी यूज करें. पहले सूखे कपड़े से पंखा साफ करें फिर सर्फ वाले पानी से एक बार और फिर कपड़े को सादे पानी में डालकर पंखे को इससे पोछ लें. पंखा बिल्कुल नए जैसे लगने लगेगा.

4. घर के स्विच बोर्ड की सफाई लोग कई बार पूरे साल नहीं करते हैं, जिससे ये काले पड़ जाते हैं. स्विच बोर्ड को भी साफ करने के लिए डिटर्जेंट वाले पानी का यूज करें. एक कपड़े को इसमें भिगोकर पानी निचोड़ लें और इससे स्विच बोर्ड साफ करें. स्विच बोर्ड साफ करते समय मेन पावर ऑफ कर दें वरना पानी से करंट लग सकता है.

5. घर के सभी कीमती शो पीस, फोटो फ्रेम, पेंटिंग, सोफा सेट, बेड, फर्नीचर को अच्छी तरह से किसी कपड़े या अखबार से ढक दें, ताकि सफाई के दौरान धूल-गंदगी इन चीजों पर ना पड़ें.

6.घर के हर कमरे में कई वॉडरोब होते हैं और इसमें ढेरों कपड़े भरे होते हैं, जिसमें कई तो पहने भी नहीं जाते हैं. सबसे पहले आप इन पुराने रखे कपड़ों को किसी जरूरतमंद को दान कर दें. अपने वॉर्डरोब को सही तरीके से मैनेज करें. कपड़ों को फोल्ड करके रखें.

## आज का राशिफल

**मेष :** कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। तनाव का वातावरण बन सकता है।

**वृषभ :** दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। आज के काम कल पर नहीं टालें।

**मिथुन :** जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

**कर्क :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। समय नेष्ट है। नकारात्मकता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह :** शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या :** संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे।

**तुला :** थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**वृश्चिक :** प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु :** कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**मकर :** सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। शरीर कष्ट से बचें।

**मीन :** दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# केले के छिलके से ऐसे करें पेडीक्योर



अक्सर महिलाएं हाथों-पैरों के मेनीक्योर और पेडीक्योर करने के लिए कई महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं. यहां तक कि ब्यूटी पार्लर में भी जाकर पेडीक्योर कराती हैं. यदि आपको बिना अधिक खर्च किए ही पेडीक्योर करने का आसान घरेलू नुस्खा मिल जाए तो कैसा रहेगा? यदि आप केले का सेवन करती हैं तो अब से इसका छिलका फेंके नहीं, बल्कि इससे अपने पैरों को पेडीक्योर करें.

1. पैरों को पहले साफ कर लें. अब केले के छिलके से पैरों की त्वचा को अच्छी तरह से रगड़ें. इसके नियमित इस्तेमाल से आप पैरों की डेड स्किन सेल्स, गंदगी हट जाएगी और आपके पैर साफ-सुथरे नजर आएंगे.

2. सर्दियों में अक्सर महिलाएं फटी एड़ियों से परेशान रहती हैं. केले के छिलकों को एड़ियों पर रगड़ें और कुछ देर के लिए छोड़ दें. फिर पानी से एड़ियों को साफ कर लें. ऐसा रेगुलर करने से फायदा दिखेगा. एड़ियां सॉफ्ट होंगी.

3. केले के छिलके पर आप थोड़ा सा बेकिंग सोडा डालें और इससे पैरों को रगड़ें. क्लीनिंग एजेंट की तरह काम करता है बेकिंग सोडा. 5 मिनट पैरों को अच्छी तरह से रगड़ कर ऐसे ही छोड़ दें. अब आधे बाल्टी पानी में थोड़ा सा बेकिंग सोडा डालकर मिक्स कर लें. इसमें अपने पैरों को डुबाकर रखें और फिर बाहर निकाल लें. तौलिया से पोछकर कोई क्रीम या मॉइश्चराइजर अप्लाई कर लें.

4. मिक्सी में केले का छिलका, दही, शहद डालकर पीस लें. इस पेस्ट को पैरों और एड़ियों पर लगाकर सूखने दें. फिर गर्म पानी से पैरों को साफ कर लें. ड्राई होने से तलवों और स्किन को बचाने के लिए आप कोई तेल या मॉइश्चराइजर लगा लें.



- **मां लक्ष्मी हो जाएंगी नाराज**
- **संकटों का टूट सकता है पहाड़**

# सूर्यास्त के बाद भूलकर भी न करें 7 काम

वास्तु शास्त्र में कई ऐसी बातें बताई गई हैं, जिनसे लोगों की जिंदगी का सीधा संबंध होता है. इसमें सही दिशाओं से लेकर काम करने के सही समय के बारे में भी बताया गया है. वास्तु के नियमों का पालन करने से लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं. आज के जमाने में लोगों की लाइफस्टाइल बदल गई है और वे अपने जरूरी काम किसी भी वक्त करने लगते हैं. आपने तमाम लोगों को रात के वक्त हेयर कटिंग और कपड़े धोते हुए देखा होगा. हालांकि



वास्तु में इन चीजों के लिए दिन का समय सही बताया गया है.

वास्तु की मानें तो कुछ चीजें सूर्यास्त के बाद नहीं करनी चाहिए. ऐसा करने से लोगों की जिंदगी में संकट पैदा हो सकते हैं और धन की देवी मां लक्ष्मी उनसे नाराज हो सकती हैं. मान्यताओं के अनुसार देवी लक्ष्मी का आशीर्वाद पाने के लिए कुछ चीजें हैं, जिन्हें रात में करने से बचना चाहिए. वास्तु का पालन न करने से आपके घर में वित्तीय समस्याएं पैदा हो सकती हैं. तिरुपति के ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुविद डॉ. कृष्णकुमार भार्गव से इस बारे में जरूरी बातें जान लेते हैं.

## सूर्यास्त के बाद ये काम करना अशुभ

- वास्तु शास्त्र के अनुसार सूर्यास्त के बाद पैसों का लेन देन करने से बचना चाहिए. मान्यता है इस वक्त दिए गए पैसे कभी वापस नहीं मिलते हैं.
- मान्यताओं के अनुसार सूर्यास्त के बाद घर में झाड़ू नहीं लगानी चाहिए. ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं व आर्थिक तंगी आ सकती है.
- सूरज डूबने के बाद लोगों को नाखून और बाल नहीं कटवाने चाहिए. ऐसा करने से घर में नेगेटिव एनर्जी आती है और कर्ज बढ़ने की आशंका रहती है.
- सूर्यास्त के बाद कपड़े धोना भी अच्छा नहीं माना जाता है. वास्तु के अनुसार ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा आती है, जो घर में बीमारियां फैला सकती है.
- वास्तु शास्त्र के अनुसार शाम के समय सोना अशुभ माना जाता है. माना जाता है कि जिस घर में शाम के समय लोग सोते हैं वहां देवी लक्ष्मी नहीं आती हैं.
- सूर्यास्त के बाद तुलसी में जल नहीं चढ़ाना चाहिए और न ही तुलसी की पत्तियों को तोड़ना चाहिए. ऐसा करने से घर में आर्थिक तंगी फैल सकती है.
- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शाम के समय दूध, खट्टी चीजें, नमक, हल्दी, और दही का दान नहीं करना चाहिए. इससे माता लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पांच साल की मासूम को उठा ले गया तांत्रिक,

**लखनऊ.** लखनऊ से एक शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। अपने माता-पिता के साथ खेत पर पहुंची मासूम को तांत्रिक उठा ले गया और अपनी कुटिया में उसके साथ रेप किया। बेटी जब उसकी घर नहीं पहुंची तो मां ने उसकी खोजबीन शुरू की। मां अपनी बेटी को खोजते-खोजते तांत्रिक की कुटिया पहुंच गया, जहां चारपाई पर उसकी मासूम बेटी बिना कपड़ों के पड़ी थी। बेटी की हालत देखकर मां की चीख निकल गई। महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने तांत्रिक को पकड़ा। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### वाराणसी से अयोध्या के लिए चलेंगे छोटे क्रूज, एक साथ 20 पर्यटक कर सकेंगे सफर

रामनगरी अयोध्या में बढ़ रही श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या के मद्देनजर उन्हें अब जल परिवहन की सुविधा देने की तैयारी है। वाराणसी से अयोध्या के लिए छोटे क्रूज चलाए जाएंगे। इसमें अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 10 सुईट होंगे। जबकि एक बार में कुल 20 पर्यटक सफर कर सकेंगे। क्रूज संचालित करने वाली अंतरा क्रूजेज-हेरिटेज रिवर जर्नीज और भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने इसका रूट सर्वे कर लिया है। जल्द ही संचालन की अनुमति के लिए जलमार्ग मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। दरअसल, अभी वाराणसी से कोलकाता, डिब्रूगढ़, हल्दिया, प्रयागराज, पटना आदि जगहों के लिए बड़े क्रूज चल रहे हैं। इनमें एमवी गंगा विलास और एमवी बंगाल गंगा शामिल हैं।

### स्कूल में छात्रा को दिल दे बैठा शिक्षक, शादी से इनकार करने पर खुद को मारी गोली

**बुलंदशहर.** यूपी के बुलंदशहर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां नगर कोतवाली क्षेत्र में छात्रा द्वारा शादी से इंकार करने पर शिक्षक ने पिस्टल से खुद को गोली मार ली। गंभीर हालत में शिक्षक को मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं छात्रा की तहरीर पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज ली है। नगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली छात्रा ने तहरीर देते हुए बताया कि डीएम रोड निवासी अमन एक स्कूल में पीटीआई है। आरोप है कि गुरुवार को अमन पीड़िता के घर पहुंचा और शादी करने के लिए दबाव बनाने लगा। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उस पर पिस्टल तान दी, जिससे वह घबरा गई। उसने शादी के लिए हामी नहीं भरी तो आरोपी ने खुद ही अपने पेट में गोली मार ली।

### स्कूटी चलाते हुए वकील को पड़ा दौरा, गिरकर डिवाइडर से टकराया सिर, मौत

मेरठ के कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम चौंकाने वाला हादसा हुआ। यहां स्कूटी पर जा रहे अधिवक्ता को अचानक दौरा पड़ गया। स्कूटी सड़क पर गिरी और उनका सिर डिवाइडर से जा टकराया। लोग उसे अस्पताल लेकर भागे लेकिन वहां मृत घोषित कर दिया। एक अधिवक्ता शुक्रवार शाम स्कूटी से बच्चापार्क की तरफ जा रहे थे। ईव्ज चौराहा पार करते ही अचानक उनका नियंत्रण खो गया और स्कूटी फिसल गई। गिरते गिरते उसका सिर डिवाइडर से टकरा गया और वह लहूलुहान हो गया।

# योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान को RSS का समर्थन

## सरकार्यवाह होसबोले ने कहा- अगड़ा और पिछड़ा, जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे

- हिंदू समाज अपनी रक्षा करे और संगठित रहे...



**मथुरा.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ यानी RSS ने सीएम योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान का समर्थन किया है। मथुरा में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हिंदू समाज एकता में नहीं रहेगी तो आजकल की भाषा में बंटेंगे तो कटेंगे हो सकता है।

उन्होंने कहा- समाज में अगड़ा-पिछड़ा, जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे। इसलिए एकता जरूरी है। हिंदू समाज की एकता लोक कल्याण के लिए है। वह सबको सुख प्रदान करेगी। हिंदुओं को तोड़ने के लिए शक्तियां काम कर रही हैं। आगाह करना जरूरी है। क्या संघ और भाजपा में खींचतान चल रही? इस पर होसबोले ने कहा- हम सार्वजनिक संगठन हैं। हमारी किसी के साथ खींचतान नहीं। हम भाजपा, कांग्रेस, उद्योगपति सभी लोगों से मिलते हैं। हम चाहते हैं कि समाज में नफरत न हो।

होसबोले ने कहा- कई जगहों से धर्मांतरण के मामले आ रहे हैं। दुर्गा पूजा और गणेश विसर्जन के समय हमले भी हुए हैं। हिंदू समाज अपनी रक्षा करे और संगठित होकर रहे।

केरल के वायनाड में लैंडस्लाइड हुई। 1000 स्वयंसेवक सेवा के लिए उतरे। हिंदू-मुस्लिम सबकी समान रूप से मदद की गई। मुस्लिम लोगों की मृत्यु हुई तो उनकी मान्यताओं के अनुसार स्वयंसेवकों ने उनका अंतिम संस्कार किया।

### योगी के बयान का पीएम ने भी समर्थन किया था

सीएम योगी ने पहली बार इसी साल 27 अगस्त को आगरा में कहा था- राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं। राष्ट्र तभी सशक्त होगा, जब हम एक होंगे। बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए...बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-नेक रहेंगे। सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे।

# क्या चुनाव लड़ने जा रहा लॉरेंस बिश्नोई?

- रिटर्निंग ऑफिसर से मांगा गया नॉमिनेशन फॉर्म



**मुंबई.** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई इन दिनों गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के बाद लॉरेंस एक बार फिर से सुर्खियों में है। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या गैंगस्टर अपनी राजनैतिक पारी शुरू करने जा रहा है? दरअसल, महाराष्ट्र के एक दल ने लॉरेंस बिश्नोई के नामांकन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर से फॉर्म मांगा है।

बांद्रा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी को लिखे गए लेटर में उत्तर भारतीय विकास सेना पार्टी ने एबी फॉर्म की मांग की है। पार्टी ने अपने पत्र में लिखा है, "हम राष्ट्रीय और महाराष्ट्र राज्य पंजीकृत राजनीतिक दल हैं और पार्टी के अध्यक्ष के रूप में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में हमारे उम्मीदवारों के लिए फॉर्म ए और फॉर्म बी जारी करने के लिए अधिकृत हैं।"

लेटर में आगे कहा गया है कि हम अपने उम्मीदवार बलकरण बराड़ (लॉरेंस बिश्नोई) को उम्मीदवारी फॉर्म जारी करने का अनुरोध करते हैं। बांद्रा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव आचार संहिता के नियमों और विनियमों के अनुसार, हम इसके लिए भुगतान करने के लिए तैयार हैं।

# भाजपा ने महाराष्ट्र के लिए जारी की स्टार कैंपेनर्स की लिस्ट

- पीएम मोदी समेत कई बड़े नाम

**नई दिल्ली.** भाजपा ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए स्टार कैंपेनर्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कई बड़े नाम शामिल हैं। इन नामों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अमित शाह जैसे दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

भाजपा की स्टार लिस्ट में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह के नाम भी शामिल हैं।



भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में 40 नाम शामिल हैं। इनमें प्रमोद सावंत, भूपेंद्र पटेल, विष्णुदेव साय, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, नायब सिंह सैनी, देवेंद्र फडणवीस, चंद्रशेखर बावनकुले, शिव प्रकाश, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, नारायण राणे, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, रावसाहेब दान्वे पाटिल, अशोक चव्हाण, उदयन राजे भोंसले, विनोद तावड़े, आशीष शेलार, पंकजा मुंडे, चंद्रकांत दादा पाटिल, सुधीर मुंगातिवार, राधाकृष्ण विखे पाटिल, गिरीश महाजन, रविंद्र चव्हाण, स्मृति ईरानी, प्रवीण दारेकर, अमर साबले, मुरलीधर मोहोल, अशोक नेते, संजय कुते, नवनीत राणा आदि हैं।

गौरतलब है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में 11 से 12 जनसभाओं को संबोधित कर सकते हैं। भाजपा के मीडिया कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बावनकुले ने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी जी की जनसभाएं गोंदिया, अकोला, नांदेड़, धुले, मुंबई और नवी मुंबई सहित महाराष्ट्र भर में 11 से 12 स्थानों पर प्रस्तावित हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक राजू तोडसम (यवतमाल के अरनी से) और कुछ अन्य स्थानीय नेता पार्टी में शामिल हुए। बावनकुले ने कहा कि अगले कुछ दिन में और लोगों के महायुति गठबंधन में शामिल होने की उम्मीद है।

### दिल्ली में 7 मंजिला बिल्डिंग से कूदी लड़की

दिल्ली के ओखला इलाके में 17 साल की स्टूडेंट ने 7 मंजिला बिल्डिंग से कूदकर सुसाइड कर लिया। पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार दोपहर 1:50 बजे की है। लड़की ओखला मेन मार्केट में रहती थी।

लड़की 12वीं पास करने के बाद JEE की तैयारी कर रही थी। उसने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उसने लिखा कि, वह पढ़ाई का प्रेशर नहीं झेल सकी। घरवालों को उससे काफी उम्मीदें थीं लेकिन उन्हें पूरा नहीं कर सकी।

लड़की के सुसाइड करने का CCTV फुटेज भी सामने आया है। यह वीडियो बिल्डिंग के गेट पर लगे कैमरे में रिकॉर्ड हुआ।

# अजित पवार की NCP में जाने के लिए 2 विधायकों को करोड़ों रुपये की पेशकश

- कांग्रेस का गंभीर आरोप

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप जारी है। राज्य में कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने शनिवार को दावा क कि अजित पवार की एनसीपी में शामिल होने के लिए 2 विधायकों को करोड़ों रुपये की पेशकश की गई। चेन्निथला ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए ये आरोप लगाए।



चेन्निथला ने शनिवार को कहा, 'हमें ऐसी रिपोर्टें मिली हैं कि 2 विधायकों को एनसीपी (अजित पवार गुट) में शामिल होने के लिए करोड़ों रुपये की पेशकश की गई। ऐसा करना दलबदल विरोधी कानून के तहत आता है। आखिर गृह विभाग के प्रभारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चुप क्यों हैं? सीएम की जिम्मेदारी बनती है कि लोगों को बताएं कि क्या हुआ है।' उन्होंने कहा कि रिश्वत देना और लेना आपराधिक गतिविधि है। इस मामले में ऐक्शन होना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने ये आरोप ऐसे समय लगाए हैं, जब 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही हफ्ते बाकी हैं। इससे पहले सभी राजनीतिक दल प्रसार-प्रसार में जुटे हुए हैं। धीरे-धीरे उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा रही है। इसी कड़ी में, कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आज 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है।

### फ्लाइट्स के बाद अब होटलों को बम की धमकी

गुजरात और आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले मेल भेजे गए। गुजरात के राजकोट में मौजूद 10 होटलों को मेल भेजा गया। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे फेमस होटल शामिल हैं।

राजकोट पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमें होटलों की जांच की। सायबर सेल ई-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों राज पार्क होटल और पाई वायसरॉय होटल को मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराया गया।

दोनों होटलों में बम और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि बम की धमकी वाला मेल झूठा है।

इंडिया टुडे के मुताबिक, तिरुपति के होटलों को भेजे गए मेल में लिखा था- IED बम चंद्रबाबू नायडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरू फिर जिंदा होगा। मेल में तमिलनाडु के DGP, डिप्टी CM उदयनिधि स्टालिन की पत्नी और ISI का जिक्र था।

# साइक्लोन 'दाना' से 4 लोगों की मौत

- ओडिशा में 1.75 लाख एकड़ में फसल बर्बाद
- बिहार-झारखंड में बारिश जारी

**कोलकाता.** मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से उठा साइक्लोन 'दाना' शनिवार रात तक पूरी तरह बेअसर हो जाएगा। तूफान के चलते पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान, दक्षिण 24 परगना, कोलकाता और हावड़ा में 4 लोगों की मौत हो गई है। ओडिशा में किसी की जान नहीं गई, लेकिन बारिश और तूफान से 1.75 लाख हेक्टेयर इलाके में फसल बर्बाद हो गई है। ओडिशा के CM मोहन चरण मांझी ने बताया कि तूफान से पहले 8 लाख लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया था।

दाना का असर आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भी पड़ा। बिहार और झारखंड में बारिश जारी है। झारखंड में तापमान 6 डिग्री गिर गया है। अगले 24 घंटे तक बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में बारिश का अनुमान है।


### पेड़-बिजली के खंभे उखड़े

ओडिशा में सबसे ज्यादा नुकसान केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर जिलों में हुआ है। तेज हवा से कई पेड़ उखड़ गए। बिजली के खंभे टूट गए हैं। इससे कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। तूफान के चलते नजदीकी राज्यों झारखंड, बिहार में भी बारिश हो रही है। शुक्रवार को दक्षिण बंगाल के 8 जिलों में भारी बारिश होती रही। कोलकाता में 24 घंटे में 4 इंच पानी बरसा। हालांकि, दोनों राज्यों में शुक्रवार सुबह 8 से 9 बजे के बीच हवाई और 10 बजे रेल ट्रैफिक बहाल कर दिया गया था। तूफान के दौरान ओडिशा में 4,859 गर्भवतियों को प्रसव केंद्र भेजा गया था। इनमें से 2,211 ने 23 और 24 अक्टूबर को बच्चों को जन्म दिया। 1,858 बच्चे सामान्य डिलीवरी से हुए। नवजातों में 18 ट्विन्स हैं।

# प्रियंका ने चुनावी हलफनामे में छिपाई अपनी और पति की संपत्ति

### भाजपा का बड़ा आरोप

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के हलफनामे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले के अनुसार, उम्मीदवारों को अपने आपराधिक इतिहास, संपत्ति और अपने परिवार के सदस्यों की संपत्तियों का खुलासा करना अनिवार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रियंका ने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 12 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। वाड्रा ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन



दाखिल करके अपनी चुनावी पारी का आगाज किया।

गौरव भाटिया ने कहा, "सुप्रीम कोर्ट के यूनियन ऑफ इंडिया बनाम एडीआर मामले में निर्णय के अनुसार, हर उम्मीदवार को अपने और अपने जीवनसाथी तथा निर्भर लोगों की संपत्ति का विवरण देना होता है। हालांकि, प्रियंका गांधी द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे में सभी आवश्यक जानकारियां नहीं दी गई हैं।" भाटिया ने गांधी परिवार की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह परिवार भ्रष्टाचार के मामले में सबसे आगे है।

# टीम इंडिया का टूटा घर का गुमान

## 69 साल बाद न्यूजीलैंड ने जीती टेस्ट सीरीज; पुणे में बुरी तरह डूबी लुटिया

टॉम लैथम की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर कब्जा जमाकर इतिहास रच डाला है। न्यूजीलैंड ने शनिवार को पुणे में

### दूसरा टेस्ट

दूसरे टेस्ट में 113 रनों से जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड ने पहली बार भारतीय सरजमीं पर टेस्ट सीरीज अपने नाम की। दोनों के बीच 69 साल से टेस्ट मैच खेले जा रहे हैं। लैथम ब्रिगेड ने पुणे टेस्ट के तीसरे दिन 359 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में भारत की दूसरी पारी 60.2 ओवरों में 245 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड ने बेंगलुरु में आयोजित पहला टेस्ट 8 विकेट से अपने नाम किया था।

टीम इंडिया का घर का गुमान टूट गया है। भारत ने 12 साल बाद घर पर टेस्ट सीरीज गंवाई है। भारत को इससे पहले 2012 में इंग्लैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में हार का मुंह देखना पड़ा था। इंग्लैंड ने तब चार मैचों की सीरीज 2-1 से जीती थी। बता दें कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 1955 में खेला गया था। भारत का कीवी टीम के




विरुद्ध ओवरऑल रिकॉर्ड शानदार है। दोनों ने आपस में अभी तक 64 टेस्ट खेले हैं, जिसमें भारत को 22 में जीत नसीब हुई। न्यूजीलैंड ने इस दौरान 15 टेस्ट में बाजी मारी और 28 ड्रॉ पर छूटे। हालांकि, मौजूदा सीरीज में रोहित ब्रिगेड उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।

### यशस्वी ने की तूफनी बल्लेबाजी

शनिवार को पहले सेशन में न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 255 रनों पर ऑलआउट हुई। न्यूजीलैंड ने 198/5 से आगे खेलते हुए 57 रन के भीतर पांच विकेट खो दिए। इसके बाद, यशस्वी जायसवाल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तूफानी बल्लेबाजी की। यशस्वी ने दूसरी गेंद पर ही छक्का लगाया। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा (8) का बल्ला नहीं चला, जो छठे ओवर में मिचेल सेंटनर का शिकार बने। रोहित ने यशस्वी के संग पहले विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी की। लंच ब्रेक तक भारत ने एक विकेट पर 81 रन जोड़े लेकिन दूसरे सेशन में कीवी टीम हावी गई। सेंटनर ने खतरनाक बॉलिंग की।

### विराट का बल्ला फिर नहीं चला

यशस्वी ने शुभमन गिल (31 गेंदों में 23) के संग दूसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। सेंटनर ने 16वें ओवर में गिल और 22वें ओवर में यशस्वी को आउट किया। यशस्वी ने 65 गेंदों में 9 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 77 रन जुटाए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (40 गेंदों में 17) एक बार फिर छाप छोड़ने में नाकाम रहे। उन्हें सेंटनर ने 30वें ओवर में एलबीडब्ल्यू किया। ऋषभ पंत का खाता नहीं खुला। वह रनआउट हुए। मैच में 11 विकेट चटकाने वाले ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने 47 गेंदों में 22 रन का योगदान दिया।

### बारामूला हमले में 3-4 आतंकी शामिल थे

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में हुए आतंकी हमले को लेकर नए खुलासे हुए हैं। बारामूला के SSP मोहम्मद जैद मलिक ने भास्कर को शनिवार सुबह बताया कि हमले में 3-4 आतंकियों के शामिल होने के सबूत मिले हैं। आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार तीसरे दिन भी जारी है।

उधर, आर्मी के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एमके साहू ने कहा- सेना के वाहन पर गोलीबारी होने पर हमारे सैनिकों ने तेजी से जवाबी कार्रवाई की थी, जिससे आतंकवादियों को हथियार और बैग छोड़कर पीछे हटना पड़ा। वे एक नाले का फायदा उठाकर घने जंगल में भाग गए। अंधेरा होने के कारण आतंकियों को भागने में सफलता मिली। दरअसल, LoC के पास 24 अक्टूबर की देर रात सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 3 जवान शहीद हुए थे। साथ ही 2 पोर्टर वर्कर्स की भी मौत हुई थी।

लेफ्टिनेंट कर्नल एमके सिंह ने कहा- भारतीय सेना राइफलमैन कैसर अहमद शाह और राइफलमैन जीवन सिंह की बहादुरी को सलाम करती है। दोनों ने गोली लगने के बावजूद आतंकवादियों को भागने पर मजबूर कर दिया। दोनों शहीदों के साहस से और अधिक नुकसान नहीं हुआ। दोनों जवानों ने कश्मीर में पाकिस्तान के आतंकी एजेंडे के खिलाफ अटूट साहस का परिचय दिया।

उल्हासनगर महानगरपालिका
ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION

दुरध्वनी कः ०२५१- २७२०१९९ विस्तार क्रः २७६ फॅक्सः ०२५१-२७२०१०४

Majhi Vasundhara
स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव
NCAP NATIONAL CLEAN AIR PROGRAMME

दिनांक-२५/१०/२०२४

पर्यावरण विभाग
जाहीर आवाहन

उल्हासनगर शहर हद्दीतील सर्व फटाके विक्री करणारे व्यावसायिक व फटाक्यांचा वापर करणारे नागरिक यांना आवाहन करण्यात येते की, भारत सरकार, अधिसुचना क्रमांक G.S.R. ६८२ (E) dt.०५/१०/१९९९ अन्वये १२५ डेसिबल (AI) पेक्षा जास्त आवाज निर्माण करणा-या फटाक्यांचे उत्पादन, विक्री किंवा वापर करण्यास मनाई केली आहे. मा. सर्वोच्च न्यायालयाने दिलेल्या निर्देशानुसार फटाक्यांमध्ये बेरियम सॉल्ट, लिथीयम, अर्सेनिक, लेड, मर्क्युरी यासारखे घटक असणारे फटाके वापरण्यास बंदी आहे. या घटकामुळे विषारी वायु तयार होतात हे वायु प्राणी व वनस्पती या दोघांना घातक आहेत. तसेच जनहित याचिका क्र. १५२/२०१५ मध्ये मा. उच्च न्यायालयाने दिलेल्या निर्देशानुसार फटाका विक्रेत्यांनी विस्फोटक व अधिनियम १८८४ आणि त्या अंतर्गत केलेले विस्फोटक नियम २००८ मधील प्रतिबंध व नियम यांची अंमलबजावणी करणे आवश्यक आहे. तरी फटाके विक्रेत्यांनी बंदी असलेले फटाके विक्री करावयाची नाही. तसेच परवानगी असलेले फटाके महापालिकेने निश्चित केलेल्या ठिकाणी परवानगी घेऊनच विक्री करावयाची आहे.

महाराष्ट्र शासनाचे माझी वसुंधरा अभियान ५.० आणि स्वच्छ सर्वेक्षण २०२५ अभियानातंर्गत फटाकेमुक्त, प्लॅस्टिकमुक्त, कचरामुक्त, प्रदुषणमुक्त व पर्यावरणपुरक (ग्रीन फेस्टिवल) सण-उत्सव साजरे करावेत. सदर अभियानांतर्गत नागरिकांनी फटाक्यांचा वापर टाळावा, प्लॅस्टिकचा वापर टाळुन कापडी किंवा कागदी पिशवीचा वापर करावा, सण समारंभामध्ये विघटनशील व पुर्नवापर करण्यायोग्य वस्तुंचा वापर जास्तीत जास्त करावा, पर्यावरणपूरक, प्रदुषणमुक्त दिवाळी साजरी करावी.

तरी येणारी दिवाळी हरित व पर्यावरणपूरक दिवाळी म्हणून साजरी करुया. तसेच ही दिवाळी आनंदी व सुरक्षित राहो, अशा सर्वांना दीपावलीच्या हार्दिक शुभेच्छा.

जा.क्र उमपा/पीआरओ/ 414/2024
दि.25/10/2024

सही/-
(विकास ढाकणे)
- प्रशासक तथा आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### सायन पनवेल हाईवे पर हादसा, 3 लोगों की मौत

**मुंबई.** नवी मुंबई शहर में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। सायन पनवेल हाईवे पर वाशी ब्रिज पर एक कार और डंपर में भीषण टक्कर हो गई। इस भयानक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मुंबई की ओर जाते वक्त तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने डंपर को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अर्टिगा का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के मुताबिक, ठाणे जिले के नवी मुंबई में सुबह एक कार और डंपर के बीच टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला और दो पुरुषों की मौत हो गई। पीड़ित पुणे से मुंबई जा रहे थे, तभी उनकी कार तड़के करीब सवा चार बजे वाशी क्रीक पुल पर हादसे का शिकार हो गई।

# बीजेपी ने जारी की दूसरी लिस्ट

- **घोषित किए 22 कैंडिडेट**
- **पहली सूची में थे 99 नाम**
- **बीजेपी ने महाराष्ट्र में अब तक तय किए हैं 121 उम्मीदवार**
- **बीजेपी के 150 से अधिक सीटों पर लड़ने की है उम्मीद**

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए बीजेपी ने कैंडिडेट की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने दूसरी सूची में कुल 22 कैंडिडेट के नाम का ऐलान किया है। पार्टी ने पहली सूची में 99 कैंडिडेट घोषित किए थे। ऐसे में बीजेपी ने अब 121 कैंडिडेट के नाम घोषित कर दिए हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र में अभी तक सबसे अधिक कैंडिडेट का ऐलान बीजेपी ने किया है। एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने 45 और अजित पवार की एनसीपी ने पहली और दूसरी लिस्ट में क्रमशः 38 और सात नामों को मिलाकर कुल 45 कैंडिडेट घोषित किए हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | धुले ग्रामीण | राम भदाणे |
| 2 | मलकापुर | चैनसुख मदनलाल संचेती |
| 3 | अकोट | प्रकाश गुणवंतराव भारसाकले |
| 4 | अकोला पश्चिम | विजय अग्रवाल |
| 5 | वाशिम | श्याम खोडे |
| 6 | मेलघाट | केवलराम काले |
| 7 | गढ़चिरौली | डॉ. मिलींद नरोटे |
| 8 | राजुरा | देवराव भोंगले |
| 9 | ब्रह्मपुरी | कृष्णलाल सहारे |
| 10 | वरोरा | करण देवतले |
| 11 | नासिक मध्य | देवयानी सुहास फरांदे |
| 12 | विक्रमगढ़ | हरिश्चंद्र सखाराम भोये |
| 13 | उल्लहासनगर | कुमार उत्तमचंद आयलानी |
| 14 | पेन | रवींद्र दगडू पाटिल |
| 15 | खड़कवासला | भिमराव तापकीर |
| 16 | पुणे छावनी | सुनील कांबले |
| 17 | कस्बा पेठ | हेमंत नारायण रासने |
| 18 | लातूर ग्रामीण | रमेश कराड |
| 19 | सोलापुर शहर मध्य | देवेंद्र कोठे |
| 20 | पंढरपुर | समाधान आवताड़े |
| 21 | शिराला | सत्यजित देशमुख |
| 22 | जत | गोपीचंद कुंडलिक पडलकर |



**ठाणे.** 146 ओवला-माजिवाडा विधानसभा चुनाव क्षेत्र से शिवसेना के उम्मीदवार विधायक प्रताप सरनाईक ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के उपस्थिति में अपना नामंकन पत्र जमा किया। इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, राष्ट्रवादी काँग्रेसचे ठाणे शहर अध्यक्ष आनंद परांजपे,विहंग सरनाईक, युवासेना कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक,पूर्व नगरसेविका परिषा प्रताप सरनाईक सहित शिवसेना व महायुती के पदाधिकारी और कार्यकता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## किन्नरों पर जानलेवा हमला, 2 घायल

**भिवंडी.** मानकोली उड़ानपुल के पास रात लगभग साढ़े 10 बजे कुछ अज्ञात हमलावरों ने 3 किन्नरों पर बर्बरता से हमला कर एक किन्नर को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है.

घटना का चश्मदीद ट्रक ड्राइवर सुरेन्द्र कुमार राधेश्याम बिंद ने इस घटना की जानकारी नारपोली पुलिस स्टेशन में दी. सुरेन्द्र कुमार के अनुसार, हमलावर हाथों में लाठी-डंडे और चाकू लिए किन्नरों का पीछा कर रहे थे. शोर सुनकर सुरेन्द्र ने जब देखा तो पाया कि हमलावर बेरहमी से 3 किन्नरों की पिटाई कर रहे थे. एक किन्नर को पेट और टांग में चाकू के वार से गंभीर चोटें आईं.

# शिवसेना उबाठा की दूसरी लिस्ट में 15 नाम



- **अब तक 80 उम्मीदवारों की घोषणा**
- **संजय राउत ने कहा था- 100 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे**

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर शिवसेना उद्दव गुट ने 15 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट शनिवार सुबह जारी कर दी है। इसमें शिवडी विधानसभा से अनिल चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है। शिवडी सीट से लालबाग राजा मंडल के मानद सचिव सुधीर साल्वी टिकट मांग रहे थे, लेकिन अनिल चौधरी का नाम फाइनल हुआ।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिंदे की बगावत के समय अनिल चौधरी ने ठाकरे परिवार का साथ दिया था। इसलिए पार्टी ने उन्हें ही टिकट दिया है। शिवसेना ने अब तक 80 उम्मीदवारों का ऐलान किया है। MVA के सीट शेयरिंग के तहत उद्धव गुट, NCP शरद गुट और कांग्रेस 85-85 सीटों पर लड़ेगी। हालांकि, उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने 24 अक्टूबर को कहा था उनकी पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

- **होल्ड पर रखी गई मुंबई की दहिसर सीट**

मुंबई की दहिसर विधानसभा सीट उद्धव के हिस्से आई है। इस सीट को फिलहाल होल्ड पर रखा गया है। क्योंकि उद्धव यहां से अभिषेक घोसालकर की पत्नी तेजस्विनी को चुनाव लड़ना चाहते हैं। लेकिन अभिषेक के पिता पूर्व विधायक विनोद घोसालकर भी दहिसर सीट से टिकट मांग रहे हैं।

दरअसल, 8 फरवरी 2024 की रात उद्धव गुट के नेता और पूर्व पार्षद अभिषेक घोषालकर की गोली मार कर हत्या की गई थी। घटना के दौरान अभिषेक फेसबुक पर लाइव थे। हमला करने वाले आरोपी मॉरिस नरोन्हा ने भी खुद को 4 गोलियां मारकर सुसाइड कर लिया था।

- **शिवसेना (UBT) की पहली लिस्ट में 65 नाम थे**

MVA में शिवसेना (UBT) ने 23 अक्टूबर की शाम सबसे पहले लिस्ट जारी की थी। इसमें 65 नाम थे। उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे को वरली से प्रत्याशी बनाया गया था। कोपरी पाचपखाडी से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सामने केदार दिघे को टिकट दिया गया।

### मुंबई विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालयीन खो-खो प्रतियोगिता में

# एसएसटी के खिलाड़ियों ने मारी बाजी




**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। वाशी स्थित केबी पाटिल महाविद्यालय में हाल ही में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में एसएसटी महाविद्यालय की पुरुष और महिला टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिस्पर्धियों को मात दी।

इस प्रतियोगिता में मुंबई विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। एसएसटी महाविद्यालय की पुरुष टीम ने अपनी फुर्ती, साहस और अनुशासित खेल से सभी मैचों में जीत हासिल की, जबकि महिला टीम ने अपनी तेज और सटीक खेल शैली के माध्यम से प्रतिस्पर्धियों को हराया। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने इससे पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी चमक दिखाई है, लेकिन इस जीत ने उनके कौशल को एक नई ऊंचाई दी है। महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक और प्राचार्य ने इस सफलता के पीछे की मेहनत और प्रयासों की सराहना करते हुए टीम को बधाई दी है।

# कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में 23 नाम



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शनिवार को दूसरी लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 23 नाम हैं। पहली लिस्ट में कांग्रेस ने 48 नामों का ऐलान किया था। पार्टी अब तक 71 कैंडिडेट्स का ऐलान कर चुकी है। इधर, आम आदमी पार्टी ने शनिवार को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। हालांकि, अरविंद केजरीवाल MVA के लिए कैंपेनिंग करेंगे।

महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट, राकांपा शरद गुट और कांग्रेस महा विकास अघाड़ी (MVA) गठबंधन में शामिल हैं। 23 अक्टूबर को ही तीनों दलों ने 85-85-85 सीटों पर लड़ने की घोषणा की थी।

18 सीटें I.N.D.I.A. ब्लॉक की अन्य पार्टियों जिनमें समाजवादी पार्टी, SWP और CPI(M), AAP समेत दूसरे दलों को देने की बात कही गई थी। AAP को 1 सीट दी जा रही थी, अब पार्टी ने उस पर भी चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया।

### पहली लिस्ट में 48 नाम

कांग्रेस ने 24 अक्टूबर को 48 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें पार्टी ने नागपुर दक्षिण पश्चिम से डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ प्रफुल गुडधे को उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस के महाराष्ट्र अध्यक्ष नाना पटोले को साकोली सीट से टिकट दिया गया। पृथ्वीराज चव्हाण को कराड साउथ सीट से उम्मीदवार बनाया। अमरावती से सुनील देशमुख को उतारा गया। कांग्रेस की पहली लिस्ट में 5 महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया गया। 5 ST और 3 SC उम्मीदवारों का भी एलान किया।

### आम सूचना

मैं श्री जय श्रीचंद थावानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 258 के पास, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 20बीआय004382200) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुनील श्रीचंद थावानी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 16.3.2024 सी.नं. 1153 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जय श्रीचंद थावानी**

# अवैध निर्माण को प्रभाग अधिकारियों का संरक्षण

- **मनपा प्रशासक की भी हो रही बदनामी**
- **शहर फंस रहा अवैध निर्माणों के मकड़जाल में**






**भिवंडी.** भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत 1 से 5 प्रभाग़ सीमा में सैकड़ों की संख्या में मनपा से बगैर मंजूरी लिए सैकड़ों इमारतों का अवैध निर्माण शुरू है.अवैध निर्माण की वजह से मनपा का करोड़ों रुपए का राजस्व जहां डूब रहा है वहीं घटिया निर्माण होने से जानलेवा हादसे भी घटित होते हैं. मनपा क्षेत्रीय सहायक आयुक्त के संरक्षण में शुरू अवैध बांधकाम निर्माण से शहर का विकास थम चुका है. जनहित सामाजिक संस्था ने लोकायुक्त, प्रमुख सचिव नगर विकास को लिखित पत्र देकर अवैध निर्माण की एसआईटी से उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है.

गौरतलब हो कि, भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत 1से 5 प्रभाग समिति अंतर्गत भ्रष्ट संहायक आयुक्त के संरक्षण में करीब 300 से अधिक बहुमंजिला इमारतों अवैध निर्माण जोरों से शुरू हैं.भिवंडी शहर कमोवेश अवैध इमारत निर्माण की भेंट चढ़ चुका है।आरोप है कि,भ्रष्ट सहायक आयुक्त आर्थिक फायदे की खातिर बिल्डरों से मुंहमांगी रकम लेकर अवैध निर्माणों के लिए लाखों रुपए वसूल रहे हैं. प्रभागों समितियों में अवैध निर्मित हो रही इमारतों के प्रति स्लैब का भाव करीब 2 लाख रुपया वसूला जाता है.जागरूक नागरिकों की शिकायत पर दिखावे की कार्यवाही कर मामला रफा दफा किया जाता है.

### नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार का बोलबाला

लोगों का आरोप है कि,कई भ्रष्ट सहायक आयुक्त अब जमीन मालिकों से साठगांठ कर अवैध रूप से बहुमंजिला इमारत भी निर्माण कर रहे हैं.जर्जर इमारतों की रिपेयरिंग मंजूरी लेकर नई इमारतों का निर्माण भी किया जा रहा है.भ्रष्ट अधिकारी करोड़ों रुपया मनपा राजस्व का खुलेआम चूना लगा रहे हैं. शिकायत के बाद भी ऐसी इमारतों पर कोई एक्शन नहीं होता है.

### समूचा शहर अवैध निर्माण की चपेट में

जनहित संस्था ने लोकायुक्त, प्रधान सचिव,नगर विकास विभाग प्रमुख सचिव को भेजे पत्र में बताया है कि, विगत 2 वर्षों के प्रशासक कार्यकाल के दौरान अवैध निर्माणों की बाढ़ सी आ चुकी है. अवचित पाड़ा, सागर प्लाजा होटल के पीछे, नागांव, रोलेक्स होटल के बगल, बाला कंपाउंड,आम पाड़ा,शास्त्री नगर, कामतघर,फेना गांव,भाग्य नगर, कोंबड पाड़ा,चाबिंद्रा, गौरीपाडा,भंडारी कंपाउंड, आजमी नगर, दीवान शाह के पास,सोमा नगर, रोशन बाग, गैबीनगर आदि एरिया में अवैध निर्माण जोरों से शुरू है. आश्चर्यजनक है कि,शहर विकास की जिम्मेदारी संभालने वाला मनपा शहर विकास विभाग भी आंखे मूंदे हुए है.

## बच्चे के संग दुराचार की कोशिश, टेंपो चालक गिरफ्तार

**भिवंडी.** धोबी तालाब स्टेडियम परिसर में दोपहर के समय एक ऑटो ड्राइवर ने एक नाबालिग बच्चे के साथ ऑटो रिक्शा में ही दुराचार की कोशिश की.

भोईवाडा पुलिस ने शिकायत के बाद ऑटो रिक्शा ड्राइवर फैज दानिश शेंदु को गिरफ्तार किया है. निजामपुरा के पटेल कंपाउड निवासी ऑटो रिक्शा ड्राइवर शेंदु के रिक्शा में बैठकर घर आ रहा था. रिक्शा ड्राइवर ने बाकी बच्चों को धोबी तालाब स्टेडियम के गार्डन में खेलने के लिए उतारा दिया और पीड़ित लड़के को ऑटो रिक्शा के आगे वाली सीट पर बैठाया और यौनाचार करने की कोशिश की.

### आम सूचना

हम श्री घनश्याम मुरली तलरेजा व श्री प्रकाश घनश्याम तलरेजा सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम नं. 4, पहला माला, बैरक नं. 259-ए, रुम नं. 10-11, झूलेलाल मंदिर रोड, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 18बीआय1016016000) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोज के. पंजवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 1.6.2023 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री घनश्याम मुरली तलरेजा**
**व श्री प्रकाश घनश्याम तलरेजा**

### आम सूचना

हम श्री घनश्याम मुरली तलरेजा व श्री प्रकाश घनश्याम तलरेजा सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम नं. 6, पहला माला, बैरक नं. 259-ए, रुम नं. 10-11, झूलेलाल मंदिर रोड, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 18बीआय1016016000) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोज के. पंजवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 1.6.2023 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री घनश्याम मुरली तलरेजा**
**व श्री प्रकाश घनश्याम तलरेजा**

# बड़े बजट की एक्शन फिल्मों के लिए तैयार नहीं वरुण



- **बोले- उस पोजीशन पर नहीं पहुंचा, अभी मिड लेवल की एक्शन फिल्म ही अच्छी है**

वरुण धवन ने हाल ही में बड़े बजट की एक्शन फिल्मों को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वह अभी इंडस्ट्री में उस लेवल तक नहीं पहुंचे, जहां बड़े बजट की एक्शन फिल्मों से होने वाली कमाई को सही ठहराया जा सके। कुछ प्रोड्यूसर ऐसे हैं, जिनकी फिल्मों के लिए ज्यादा बॉक्स ऑफिस रिटर्न की जरूरत होती है।

इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में वरुण धवन से पूछा गया कि बड़े बजट की एक्शन फिल्मों को लेकर उन्हें खुद पर सेल्फ डाउट होता है? इस पर वरुण ने कहा, 'मुझे पता है कि अभी में किस पोजीशन में हूं। हां मैं एक्शन फिल्म कर सकता हूं। बहुत सारी एक्शन फिल्में की हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अभी मैं उस लेवल पर नहीं पहुंचा हूं, जहां बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिटर्न दे सकूं।'

वरुण धवन ने कहा, 'मेरे लिए अभी मिड लेवल की एक्शन फिल्म अच्छी हो सकती है, क्योंकि मिड बजट फिल्में भी अच्छा प्रभाव डालती हैं।'


वरुण धवन ने आदित्य चोपड़ा के साथ एक खास बातचीत का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने बताया कि सफल बड़े बजट की फिल्मों के लिए क्या जरूरी होता है। वरुण ने कहा कि एक्शन फिल्मों, खासकर जिनका बजट बहुत ज्यादा होता है। उनके लिए बड़ा पैसा और अच्छा काम जरूरी है। आपको बहुत मेहनत करनी पड़ती है, क्योंकि आप अपने ऑडियंस को निराश नहीं कर सकते।

वरुण धवन की मानें तो इस समय उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर उतनी कमाई नहीं कर रही है, जो एक बड़े बजट की फिल्मों के लिए जरूरी है। खासकर इंडस्ट्री के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए।

## कोपरी पुलिस ने दिया वरिष्ठ नागरिकों को दीपावली उपहार

**ठाणे.** कानून व्यवस्था देखते हुए पारंपरिक पर्व पर कोपरी पुलिस ने घर पर अकेले जीवनयापन व्यतीत करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए परिवार का हिस्सा बनते दिखाई दे रहे हैं।नजदीक दीपावली पर्व के निमित्त वरिष्ठ नागरिकों के घर पर जाकर मिठाई बांटी।आज के भाग दौड़ की परिस्थिति में मनुष्य अपने आप में ही व्यस्त है किसी को भी किसी के लिए कुछ पड़ा नही है।ऐसी ही परिस्थिति में घर में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का ध्यान रखने के लिए किसी भी मनुष्य का ध्यान नहीं है।ठाणे के पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने घर में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए निर्देश दिया है। जिसका पालन करते हुए कोपरी पुलिस थाने के अंतर्गत जिस किसी भी वरिष्ठ नागरिक के नजदीक के रिश्तेदार नही है उनके मदद के लिए कोपरी पुलिस तटस्थ है।महीने में एक से दो बार घर पर जाकर पूछताछ करते हैं और कोई समस्या है तो उसका निजात दिलाने के लिए सहयोग करते हैं।कोपरी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकार,पुलिस निरीक्षक संजय नालावड़े,पुलिस उपनिरीक्षक रोहिणी नरसिंगे, सीताराम गावीत, मच्छिंद्र पिसाल उपस्थित थे।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकार ने बताया कि पुलिस थाने के अंतर्गत जितने भी वरिष्ठ नागरिक अकेले जीवन व्यतीत कर रहे हैं उनकी पूरी जानकारी हमारे पास उपलब्ध है।




उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099